# सुल्तानगंज- भागलपुर-सबौर सड़क का निर्माण इसी साल होगा: नितिन नवीन

**संवाददाता, पटना**



**पथ** निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा है कि मुंगेर में साफियाबाद-बरियारपुर-घोरघट और सुल्तानगंज- भागलपुर-सबौर तक गंगा किनारे फोरलेन सड़कों (गंगा एक्सप्रेसवे) का निर्माण इसी साल शुरू होगा. इससे कांवरियों को भी लाभ होगा. इसके निर्माण एजेंसियों का अलग-अलग चयन कर बहुत जल्द शिलान्यास किया जायेगा. इन सड़कों का निर्माण हाइब्रिड एन्युइटी मेंटिनेंस (हम) के अंतर्गत अलग-अलग किया जायेगा. इस नयी व्यवस्था में संवेदक को चार वर्ष में निर्माण और 15 वर्ष के लिए मेंटिनेंस करना होगा. निर्माण अवधि में सरकार द्वारा कुल परियोजना लागत का मात्र 40% भुगतान ही संवेदक को किया जाने का प्रावधान है. मंत्री नितिन नवीन ने मंगलवार को विभागीय सभाकक्ष में संवाददाता सम्मेलन के दौरान इन सड़कों की मंजूरी पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार जताया है.

इस दौरान विभाग के विशेष सचिव शीर्षत कपिल अशोक ने बताया कि मुंगेर में साफियाबाद से बरियारपुर-घोरघट-सुल्तानगंज 42 किमी लंबाई में करीब 5119 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण होगा. साथ ही सुल्तानगंज से भागलपुर-सबौर तक 40.80 किमी लंबाई में 4849 करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण होगा. इसके तहत गंगा किनारे 16 घाटों को विकसित किया जायेगा.